तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 रानो स्कूल में मनाई गई मकर संक्रांति का पर्व





8 सुधा वाटिका में मूर्ति खंडन की घटना का पुलिस ने ...






## खबर संक्षेप

### जिले डाइट में 19 से बालवाड़ी प्रशिक्षण का आगाज

**बेमेतरा।** शहर स्थित जिला शिक्षा संस्थान डाइट में शासन की महत्वपूर्ण योजना बालवाड़ी प्रशिक्षण का आयोजन 19 जनवरी से किया जाएगा। डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने बताया कि प्रथम चरण के अंतर्गत दिनांक 19 जनवरी से 21 जनवरी तक तीन दिवस बालवाड़ी प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें चारों विकास खंड के 40-40 कुल 160 शिक्षक शिक्षिकाएं भाग लेंगे। दूसरे चरण का प्रशिक्षण 22 जनवरी से 24 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में भी प्रत्येक विकासखंड से 40-40 कुल 160 शिक्षक शिक्षिकाएं भाग लेंगे। डाइट बेमेतरा में होने वाले बालवाड़ी प्रशिक्षण का समय 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया ऑफलाइन प्रशिक्षण के पूर्व सभी बालवाड़ी शिक्षक शिक्षिकाओं का चार दिन का ऑनलाइन का प्रशिक्षण का आयोजन भी अभी चल रहा है । इस प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में बताते हुए डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया की बच्चों को प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश के लिए वातावरण तैयार करना ही इसका एक मात्र उद्देश्य है। साथ ही बच्चों में अच्छी आदतों का विकास करना, बच्चों में सुनने और बोलने के कौशल का विकास करना, विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बुद्धि व व्यक्तित्व का विकास करना, पूर्व प्राथमिक विद्यालय से प्राथमिक विद्यालय में सहज रूप से पारगमन के लिए वातावरण तैयार करना। डाइट प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षण प्रारंभ होने के पूर्व प्री टेस्ट और पोस्ट टेस्ट अनिवार्यता लिया जाएगा। डाइट प्राचार्य ने बताया कि इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में शीतल बैस, विधि शर्मा और भूपेंद्र कुमार साहू सभी बालवाड़ी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे है।

### मंदिरों में चोरी करने वाले गिरोह के 2 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** मंदिर में चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्गा गणेश मंदिर मटका लाईन, कैम्प 2 स्थित मंदिर में बीते दिनों चोरी की वारदात हुई थी। जिसकी शिकायत समिति के अध्यक्ष ने पुलिस से किया था। अज्ञात ने मंदिर में हनुमान की मूर्ति पर लगा चाँदी का मुकुट, स्टील का बर्तन, लड्डू गोपाल की पीतल की मूर्ति समेत अन्य सामान पार हो गया था। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई। पुलिस ने सीसी टीवी को खंगालना शुरु किया तो मुखबिर ने बताया कि दो लोग इस्पात नगर रिसाली निवासी रीना द्विवेदी और बालमुकुंद सोनी को पकड़ा गया। दोनों से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया।

**अपराध :** आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और चाकू से हमला कर दिया था

# पुरानी रंजिश के चलते हमला, दो आरोपी गिरफ्तार, घर में घुसकर चाकू से किया था वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खम्हरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढेंकापुर में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास के इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है, जबकि दो अन्य साथियों की तलाश सरगर्मी से जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम ढेंकापुर निवासी प्रार्थी दवेंद्र वर्मा (30 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 जनवरी की शाम करीब 7 बजे जब वह अपने घर पर था, तब गांव के ही डाकवर ठाकुर, राहुल ठाकुर और उनके दो अन्य साथियों ने घर में जबरन प्रवेश किया। पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करते हुए आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और चाकू से दवेंद्र के सिर के



पीछे हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई:** प्रार्थी की शिकायत पर थाना खम्हरिया में बीएनएस की विभिन्न धाराओं (351(3), 115(2), 109(1), 333, 3(5)) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने संदेहियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, जिसमें आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### दो गिरफ्तार, दो फरार

पुलिस ने आरोपी डाकवर ठाकुर और राहुल ठाकुर को 15 जनवरी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मामले में शामिल दो अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

### टीम की सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, एएसआई कृष्णा क्षत्री, प्रधान आरक्षक अजय लहरे, आरक्षक बलदेव निषाद, मुकेश चंद्रवंशी, सौरभ सिंह, रमन चंद्राकर और लेखुराम सिन्हा सहित थाना स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# देवकर में सट्टा खिलाते दो आरोपी रंगे हाथों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

- 3,890 रुपए नगद व सट्टा सामग्री जब्त

जिले में अवैध जुआ और सट्टा कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर सेल और पुलिस चौकी देवकर की टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घेराबंदी कर दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है, जो सार्वजनिक स्थानों पर सट्टा पट्टी के माध्यम से दांव लगवा रहे थे। पुलिस के अनुसार, उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि देवकर क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर सट्टा खिलाया जा रहा है। सूचना मिलते ही साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा और चौकी प्रभारी उदल राम टांडेकर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई और मौके पर दबिश दी गई। पुलिस ने निम्नलिखित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध मामला दर्ज किया है। शिव कुमार लहरे (52 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 05, देवकर। इन्हें ओवरब्रिज के नीचे



सट्टा पट्टी लिखते हुए पकड़ा गया। दिनेश यादव (30 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 13, देवकर। इन्हें बाजार चौक के पास सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया।

### जब्ती और कानूनी कार्रवाई

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3,890 नगद, सट्टा-पट्टी और पेन बरामद किया है। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्रवाई की गई है। थाना साजा में दोनों के खिलाफ अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इस सफल रेड में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, एएसआई उदल राम टांडेकर, आरक्षक संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, रेखन साहू, संतोष धीवर, मुकेश माहिरे, जयकिशन साहू, विनोद सिंह और आरक्षक भूषण कारकंडे का विशेष योगदान रहा।

# ढोलिया कृषि महाविद्यालय में गूंजा वंदे मातरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सामूहिक गायन से राष्ट्रप्रेम का अनूठा संदेश

रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ढोलिया के प्रांगण में 15 जनवरी सामूहिक "वंदे मातरम्" गायन कार्यक्रम गरिमामय एवं राष्ट्रप्रेम से परिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, प्राध्यापकगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी उपस्थितजनों द्वारा सामूहिक रूप से



"वंदे मातरम्" के सस्वर गायन के साथ किया गया, जिससे संपूर्ण परिसर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने अपने संबोधन में 'वंदे मातरम्' की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, रचना एवं राष्ट्रीय महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा, समर्पण और बलिदान की भावना का प्रतीक है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में चेतना और उत्साह का संचार किया। डॉ. भंडारकर ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रगीत के सम्मान एवं अनुशासन के महत्व को समझाते हुए कहा कि युवाओं की सकारात्मक सोच, अनुशासित जीवन और कर्मठता ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने सभी को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी जनों ने गंभीरता, अनुशासन एवं सम्मान के साथ राष्ट्रगीत में सहभागिता निभाई। संपूर्ण वातावरण देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना से सराबोर रहा।

# कांग्रेस संगठन में बड़ा फेरबदल, 3 नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद शांत पड़े कांग्रेस खेमे में अब नई हलचल शुरू हो गई है। नवागढ़ विधानसभा के अंतर्गत संगठन को मजबूती देने के लिए प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर तीन महत्वपूर्ण ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इस बदलाव से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार देखा जा रहा है।

नवागढ़ विधानसभा के अंतर्गत निम्नलिखित ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की गई अश्वनी अनंत अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़, गणेश राजपूत अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संबलपुर, देवेंद्र साहू अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नांदघाट।

नई नियुक्तियों के बाद क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने खुशी जाहिर की है। पूर्व प्रदेश सचिव रितेश शर्मा ने ऊर्जावान ब्लॉक अध्यक्षों की चयन के लिए जिला अध्यक्ष आशीष छाबड़ा और प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है।

वहीं, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तरुण घृतलहरे ने नवनियुक्त अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए समन्वय के साथ आगे बढ़ने और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। निर्वतमान ब्लॉक अध्यक्ष सुशील साहू ने भी नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र साहू को जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और संगठन हित में काम करने की बात कही।

सत्ता से बाहर होने के बाद लंबे समय से कांग्रेस खेमे में सन्नाटा था, लेकिन इन नियुक्तियों ने 'डेड सेल' की तरह काम कर रहे संगठन में जान फूंक दी है। जिला महामंत्री विजय यादव और आरिफ बांठिया ने कहा कि नई टीम के आने से कांग्रेस में नए उत्साह का संचार होगा। लाला कटारे, हीरा भारती, बेला रानी, नेमा निषाद सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से नए अध्यक्षों का स्वागत किया है।

# पिपरिया में भीषण आगजनी, ट्रैक्टर जलकर खाक





**साजा।** साजा थाना अंतर्गत ग्राम पिपरिया में बुधवार की रात एक भीषण आगजनी की घटना ने पूरे गांव में हड़कंप मचा दिया। इस हादसे में सुंदर ठाकुर नामक एक आदिवासी ग्रामीण के पैरावट (पैरा के ढेर) में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। इस घटना में पीड़ित परिवार का एक ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। जानकारी के अनुसार, बुधवार रात लगभग 11:00 बजे अचानक पैरावट से आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों ने शोर मचाया। देखते ही देखते ग्रामीण एकजुट हुए और आग बुझाने की कोशिशों में जुट गए। घटना की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि आसपास की सभी दमकल गाड़ियां 'शोपीस' बनी रहीं और समय पर उपलब्ध नहीं हो सकीं। अंततः जिला मुख्यालय से फायर ब्रिगेड की गाड़ी रात 2:00 बजे पहुंची, तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

### साजा पुलिस और ग्रामीणों ने मोर्चा संभाला

आग बुझने तक साजा पुलिस की टीम और गांव के लोग रात भर जागकर आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी रोष है कि आपातकालीन स्थिति में स्थानीय स्तर पर अग्निशमन की कोई व्यवस्था काम नहीं आई। 3 घंटे की देरी ने एक गरीब परिवार की मेहनत की कमाई (ट्रैक्टर) को राख में बदल दिया। फिलहाल आग लगने का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि यह किसी की शरारत थी या कोई अन्य कारण। इस हादसे से पीड़ित सुंदर ठाकुर के परिवार को भारी आर्थिक क्षति हुई है, जिसके बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

### निपुण भारत और एफएलएन पर दिया जोर

# एससीईआरटी रायपुर की टीम ने किया नवागढ़ में शिक्षक प्रशिक्षण का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को तृतीय दिवस को जोन पुटपुरा, विकासखंड नवागढ़, जिला बेमेतरा में प्रशिक्षण का निरीक्षण एससीईआरटी रायपुर की टीम द्वारा किया गया।

इस दौरान एससीईआरटी से एसआरजी एवं एफएलएन जिला प्रभारी बेमेतरा सुमीत कुमार पाण्डेय तथा जिला एफएलएन प्रशिक्षण निरीक्षण टीम से डाइट बेमेतरा के सहायक प्राध्यापक प्रहलाद कुमार टिकरिहा उपस्थित रहे। तृतीय दिवस के निरीक्षण के दौरान जोन मेहना में सुमीत कुमार पाण्डेय द्वारा निपुण भारत मिशन, एफएलएन, नई शिक्षा



नीति 2020, एनसीएफ फाउंडेशनल स्टेज 2022, बहुभाषी शिक्षण, संतुलित भाषा शिक्षण पद्धति, फोर ब्लॉक मॉडल (मौखिक भाषा, डिकोडिंग, पठन एवं लेखन), आकलन, ट्रैकर तथा गणितीय कौशल एवं गणित के विभिन्न अप्रोच व घटकों पर प्रशिक्षणार्थियों से फीडबैक लिया गया। वहीं डाइट बेमेतरा के सहायक प्राध्यापक प्रहलाद कुमार टिकरिहा ने बच्चों को खेल, गीत एवं कविताओं के माध्यम से रोचक तरीके से शिक्षा देने की विधियों पर विस्तार से जानकारी दी और गतिविधि आधारित शिक्षण के महत्व को बताया। बीआरजी जोन मेहना शांत कुमार पटेल एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से वसीम सर द्वारा बुनियादी गणित, उसके घटक, साप्ताहिक, सांविधिक एवं वार्षिक आकलन, ट्रैकर, गणित पाठ योजना के ब्लॉक-मौखिक गणितीय बातचीत, मुख्य दक्षताओं की शिक्षण गतिविधियाँ, कौशल अभ्यास एवं गणितीय खेलों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों से समूहों में डेमो भी करवाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएससी (एफएलएन प्रशिक्षण जोन प्रभारी) नांदघाट बसंत कुमार साहू, सीएससी बदनारा अशोक कुमार भारती, सीएससी मेहना भोजसिंह वर्मा, हाई स्कूल मेहना के प्राचार्य फागुराम भास्कर, हायर सेकेंडरी स्कूल भदराली के प्राचार्य सेऊकराम साहू, पूर्व माध्यमिक शाला मेहना की प्रधानपाठक प्रतिभा शर्मा, कौशल अवस्थी, व्याख्याता परमेश्वर साहू सहित समस्त प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

**दण्डी स्वामी ने की मानस वटवृक्ष की सराहना**

# रामकथा का राज्यस्तरीय मंच, 20 मानस मंडलियों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के तत्वावधान एवं श्री गुरूपद सेवा समिति लोलेसरा के आयोजन में 11 से 13 जनवरी तक आयोजित राज्यस्तरीय व्याख्यानमाला प्रतियोगिता एवं जिला मानस संघ का वार्षिकोत्सव 13 जनवरी को भव्य एवं श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।



तीन दिवसीय इस आयोजन में धर्म, संस्कृति और बौद्धिक चेतना का सशक्त संगम देखने को मिला। राज्यस्तरीय व्याख्यानमाला प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से चयनित 20 मानस मंडलियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के दौरान सभी मंडलियों ने उच्च स्तरीय प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मंडलियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में व्याख्या पक्ष के लिए ठोकेलाल देवांगन एवं संगीत पक्ष के लिए रिझन सेन शामिल रहे, जिनके निष्पक्ष निर्णयों की सराहना की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारे दण्डी स्वामी श्रीमद् ज्योतिर्मयानंद ने अपने आशीर्वचन में मां भद्रकाली जिला मानस संघ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि चतुर्मास अवधि में प्रतिदिन 2 से 3 मानस मंडलियों की प्रस्तुति सपाद लक्षेश्वरधाम सलधा में कराना अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय कार्य है, जिससे जनमानस में रामकथा के प्रति आस्था मजबूत हो रही है। इस अवसर पर मानस वट वृक्ष का रोपण भी किया गया।

### विशिष्ट जनों की उपस्थिति और सम्मान

मानस दर्शन जीवन अर्पण छत्तीसगढ़ के प्रमुख दीपक गुहा ने नवोदित व्याख्याकारों के लिए डिजिटल संवाद किया। उन्होंने व्याख्यान शैली, विषय चयन तथा आधुनिक माध्यमों के उपयोग पर मार्गदर्शन देते हुए युवाओं को प्रेरित किया। आयोजन में प्रदेशभर से मानस संघों के पदाधिकारी, संत, विद्वान एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन उत्तम साहू, कल्याणी सेन, संतोष साहू एवं लखन वर्मा ने किया। कार्यक्रम प्रभारी विष्णु साहू द्वारा अतिथियों को स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर मां भद्रकाली जिला मानस संघ के अध्यक्ष देवलाल सिन्हा एवं श्री गुरूपद सेवा सत्संग समिति लोलेसरा के अध्यक्ष गजेन्द्र वर्मा ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में तेखन सिंह वर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# नपा अध्यक्ष ने हितग्राहियों को सौंपे अनुज्ञा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पीएम आवास योजना से साकार हो रहे गरीबों के सपने

नगर पालिका परिषद बेमेतरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भवन अनुज्ञा पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 21/16 की हितग्राही श्रीमती लीला बाई एवं श्रीमती फुहारा बाई को आवास निर्माण हेतु भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के सपनों को साकार करने वाली योजना है। उन्होंने कहा कि यह योजना समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को पक्का और



सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आए। उन्होंने यह भी बताया कि नगर पालिका द्वारा योजना के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जा रही है, ताकि अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, सभापति नीतू कोठारी, निखिल साहू, राजू साहू, लक्की साहू, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं लाभार्थी परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

**कार्रवाई : गिरफ्त में आया आरोपी मानसिक रोगी, मनोरोग चिकित्सालय भेजने का आदेश**

# सुधा वाटिका में मूर्ति खंडन की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा कोतवाली पुलिस ने एक मनोरोगी को गिरफ्तार कर दावा किया है कि, यह वही आरोपी है जिसने बीते दिनों जिला मुख्यालय कवर्धा के सुधा वाटिका में स्थित शिव मंदिर में स्थापित शिव लिंग तथा नंदी महाराज की प्रतिमा को खण्डित किया था। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 20/2026 धारा 298 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की है। इस संबंध में कवर्धा कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना कवर्धा क्षेत्र अंतर्गत ठाकुर पारा स्थित सुधा वाटिका गार्डन परिसर में शिव मंदिर के शिवलिंग एवं नंदी महाराज के खंडन की गंभीर घटना को कवर्धा पुलिस द्वारा गंभीरता से लेते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई है। घटना से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने के संबंध में गत 10 जनवरी 2026 को थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 20/2026 धारा 298 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में थाना कवर्धा पुलिस द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन, नजरी नक्शा तैयार करना, गवाहों के कथन लेना एवं आसपास के क्षेत्र में सघन पतासाजी की गई।

**आरोपी को मनोरोग चिकित्सालय भेजने की तैयारी**




कलेक्ट्रेट में जोगी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में धान गबन को आपराधिक व भ्रष्टाचार की श्रेणी का गंभीर अपराध बताते हुए मांग की गई कि संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज हो। प्रकरण की ईओडब्ल्यू अथवा एसीबी से स्वतंत्र जांच कराई जाए। धान संग्रहण केंद्र प्रभारी, जिला विपणन/खाद्य अधिकारी सहित दोषियों को तत्काल निलंबित किया जाए। इसके अलावा ज्ञापन में कहा गया कि गायब धान की अनुमानित कीमत 7-8 करोड़ रुपए आंकी गई है जिसकी वसूली दोषियों से वसूली कर उनकी चल-अचल संपत्ति कुर्क की जाए।

पुलिस की सतर्कता एवं सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप घटना में संलिप्त आरोपी राज देवार उर्फ छोटे देवार पिता कृष्णा देवार उम्र 19 वर्ष निवासी लोहारा नाका वार्ड क्रमांक 05 कवर्धा को चिन्हित कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी का व्यवहार असामान्य पाए जाने पर निष्पक्ष एवं वैधानिक जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आरोपी का जिला चिकित्सालय कवर्धा में चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, जहां चिकित्सक द्वारा उसे शारीरिक रूप से स्वस्थ किंतु मानसिक रूप से अस्वस्थ पाया गया एवं समुचित उपचार हेतु मनोरोग चिकित्सालय सेन्द्री, जिला बिलासपुर रेफर किया गया। जांच में यह भी तथ्य सामने आया कि आरोपी का पूर्व में भी मनोरोग चिकित्सालय सेन्द्री, बिलासपुर में उपचार कराया जा चुका है। इस कार्यवाही में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप एसआई शालिनी वर्मा, एसआई रघुवंश पाटिल, एएसआई सुनील यादव, आरक्षक अजय वैष्णव, आरक्षक हीरेन्द्र, आरक्षक संतोष बांधेकर, आरक्षक धर्मेंद्र मरावी साइबर प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान, आरक्षक संदीप शुक्ल, आरक्षक गोपाल राजपूत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जिला गुड़ उद्योग संघ ने प्रशासन पर लगाया प्रताड़ना का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला गुड़ उद्योग संघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार को प्रशासन पर बेवजह प्रताड़ना करने का गंभीर आरोप लगाते हुए अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर जिला कार्यालय कवर्धा पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान संघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे 21 जनवरी से जिले में गन्ना खरीदी पूरी तरह बंद कर देंगे, जिससे किसानों और उद्योग दोनों पर असर पड़ेगा। जिला गुड़ उद्योग संघ के अध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष जिले में गुड़ उद्योग का संचालन शुरू हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन इसी अवधि में प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से लगातार नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इससे उद्योग संचालकों को बेवजह परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी कभी भी गुड़ फैक्ट्रियों में जांच के नाम पर पहुंच जाते हैं और अनावश्यक सवाल-जवाब कर संचालकों को प्रताड़ित करते हैं। इससे न केवल उद्योग संचालन प्रभावित हो रहा है, बल्कि मानसिक और आर्थिक दबाव भी बढ़ रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि विद्युत विभाग द्वारा एवरेज बिजली बिल के नाम पर पूरे महीने का मनमाना बिजली बिल वसूला जा रहा है, जबकि गुड़ उद्योग वर्ष में मात्र दो माह ही संचालित होता है और शेष आठ माह पूरी तरह बंद रहता है।

इसके बावजूद पूरे साल का औसत बिल थोपना उद्योग संचालकों के साथ अन्याय है। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने कलेक्टर से मांग की है कि उद्योग संचालकों को बेवजह परेशान करना बंद किया जाए, जांच प्रक्रिया को पारदर्शी और सीमित किया जाए तथा बिजली बिलिंग व्यवस्था में मौसमी उद्योगों को राहत दी जाए। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा और गन्ना खरीदी बंद करने का निर्णय लागू किया जाएगा।

# जलेश्वर महादेव में मकर संक्रांति पर लगाई गई आस्था की डूबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जिले भर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर पंचायत पाण्डातराई से लगभग 3 किलो मीटर दूर स्थित स्वयंभू जलेश्वर महादेव घाट, डोंगरिया में 15 जनवरी को भव्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जलेश्वर महादेव घाट में प्रातः 4 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। ठंड के बावजूद लोगों की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। श्रद्धालुओं ने स्थानीय नदी में आस्था की डुबकी लगाकर स्नान किया और भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात सूर्य देव को जल अर्पित कर दान-पुण्य किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। मान्यता है कि इस दिन स्नान, दान और पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। पर्व के अवसर पर जलेश्वर महादेव घाट परिसर में भव्य मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने सपरिवार पहुंचकर मेले का आनंद लिया। मेले में बच्चों के लिए झूले, खिलौनों की दुकानें, खान-पान के स्टॉल और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की दुकानों से क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा।

# गुरुकुल में दी गई सड़क सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

गुरुकुल पब्लिक स्कूल में यातायात विभाग कवर्धा के द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर विद्यार्थियों शिक्षक एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की विशेष जानकारी दी गई। इस अवसर पर यातायात विभाग के ट्रैफिक इंचार्ज अजय कांत तिवारी एवं उनके यातायात विभाग के सहयोगियों ने रोचक ढंग से विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के विषय में समझाया। यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन नहीं चलाना चाहिए। यदि उनके द्वारा दुर्भाग्यवश दुर्घटना होती है तो उनके पिता स्वमेव आरोपी बन जाएंगे और उन पर आपराधिक तौर पर कानून लागू होगा। उन्होंने सभी को समझाया कि शाला के शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है। जो चार पहिया वाहन चलाते हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट बांधना चाहिए साथ ही वहां से संबंधित कागजात अपने पास रखना चाहिए। मीडिया प्रभारी शिक्षक डॉक्टर विजय कुमार शाही ने बतलाया कि यातायात इंचार्ज के द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं बस के चालक परिचालकों को समझाया गया कि वाहन का बीमा आवश्यक है जिससे दुर्घटना होने पर आर्थिक रूप से बचाव किया जा सके।







सरगुजा संभाग प्रभारी एवं
पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा पिछड़ा
वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़
श्री होरीलाल सिन्हा जी
को
16 जनवरी
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...
गजेन्द्र साहू
मण्डल अध्यक्ष, भाजयुमो खण्डसरा
राजकुमार खाण्डे
पार्षद वार्ड नं. 01 पिकरी
उमेश्वरी साहू
राकेश वर्मा
तामेश्वर साहू
छत्रकुमार देवांगन
ओंकार साहू
धर्मराज खाण्डे
मोनू गोस्वामी

## खबर संक्षेप



### पुष्पा को मिला आईएसईआई एक्सीलेंस अवार्ड

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप–3 की महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस को उनकी पुस्तक फ्रॉम प्रिंसिपल्स टू प्रैक्टिस' के लिए आईएसईआई एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया गया। यह सम्मान रायपुर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य व शिक्षा से जुड़े लोग उपस्थि थे। एक्सीलेंस अवार्ड सुरक्षा, नैतिकता और गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।

### सेक्टर 10 में निःशुल्क फिजियोथेरेपी केन्द्र उद्घाटित



**भिलाई।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सेक्टर10 में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा स मस्कुलर डिस्ट्रॉफी तथा ऑटिज़्म से पीड़ित बच्चों के लिए निःशुल्क फिजियोथेरेपी केन्द्र का उद्घाटन किया गया। यह केन्द्र बीएसपी के सीएसआर के तहत यह केंद्र सेक्टर 10 के मेंटेनेंस ऑफिस परिसर में स्थित है। विवेकानंद जन सेवा केन्द्र का संचालन सेवा फाउंडेशन द्वारा, ऑफिसर्स एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से किया जाएगा। मुख्य अतिथि ने बच्चों तथा उनके परिवारों के दर्द को समझते हुए उनके लिए कार्य करना प्रशंसनीय है। स्वगत उदबोधन नरेंद्र कुमार बंछोर व अध्यक्ष एसके जैन ने कार्यों पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन जीएम शिवराजन नायर ने किया।

### टाउनशिप में हटाए गए होर्डिंग्स



**भिलाई।** टाउनशिप के प्रमुख मार्गों और चौराहों के आसपास अनाधिकृत होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर्स और अन्य प्रचार सामग्रियाँ हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। सुरक्षा एवं स्वच्छता की दृष्टि से ये अनाधिकृत प्रचार सामग्रियाँ न केवल यातायात में बाधा उत्पन्न कर रही थीं, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को भी बढ़ा रही थीं। साथ ही, ये सामग्रियां सुनियोजित टाउनशिप के स्वच्छता एवं सौंदर्य मानकों को प्रभावित कर रही थीं। यह अभियान नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप निर्धारित क्षेत्रों को अनाधिकृत प्रचार सामग्रियों से मुक्त किया जा सके।

### सुभाष कुमार सोनी को पीएचडी की उपाधि

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा सुभाष कुमार सोनी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। विश्वविद्यालय में आयोजित पीएचडी वायवा में



बाह्य परीक्षक डॉ. गोपाल कृष्ण शर्मा अध्यक्ष मध्य प्रदेश सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान उज्जैन थे। शोध का विषय पंचायती राज व्यवस्था में जन समस्या के निवारण में ग्राम सभा की भूमिका का अध्ययन था। उनके शोध निर्देशक डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, प्राध्यापक शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ और सह शोध निर्देशक डॉ. डीएन सूर्यवंशी सेवानिवृत्त प्राचार्य सुराना महाविद्यालय दुर्ग थे। शोध केंद्र निर्देशक डॉ. प्रमोद यादव, विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग सुराना महाविद्यालय थे। सुभाष की इस उपलब्धि पर सुराना महाविद्यालय के प्राचार्य और सभी प्राध्यापकों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### नियमों के विपरीत आजीवन सदस्य बनाए गए, मतदाता सूची में अनियमितताएं हुईं

# जिला साहू संघ अध्यक्ष चुनाव पर घमासान हाईकोर्ट के निर्देश पर तीन माह में होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सबसे संगठित सामाजिक संगठनों में शुमार जिला साहू संघ बेमेतरा के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। चुनाव की वैधानिकता पर गंभीर सवाल उठने के बाद मामला माननीय उच्च न्यायालय तक पहुंचा, जहां से निर्देश मिलने के पश्चात अब रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं, छत्तीसगढ़ द्वारा पूरे प्रकरण की स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की जाएगी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद इस मामले ने न केवल सामाजिक बल्कि कानूनी रूप से भी तूल पकड़ लिया है।

दरअसल, 9 दिसंबर को जिला साहू संघ बेमेतरा के अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ था। इस चुनाव में चार प्रत्याशी-गेंदराम साहू, नारद साहू, शत्रुहन सिंह साहू और प्रमोद साहू मैदान में थे। मतगणना के बाद नारद साहू को विजयी घोषित किया गया। हालांकि, चुनाव से पहले ही मतदाता सूची, सदस्यता और चुनाव प्रक्रिया को लेकर विवाद शुरू हो चुका था, जो अब विधिक जांच के दायरे में आ गया है। इस मामले में याचिकाकर्ता गेंदराम साहू ने संविधान के अनुच्छेद 226 के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करते हुए आरोप लगाया कि जिला साहू संघ




बेमेतरा के चुनाव संचालन में समाज के बायलॉज और निर्धारित नियमों की अनदेखी की गई है। याचिका में कहा गया है कि नियमों के विपरीत आजीवन सदस्य बनाए गए, मतदाता सूची में अनियमितताएं हुईं और घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित प्रारूप का पालन नहीं किया गया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान माननीय उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नरेंद्र कुमार व्यास ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि न्यायालय ने मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं की है। उन्होंने निर्देश दिए कि रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं, छत्तीसगढ़ इस पूरे मामले की जांच स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से करें तथा याचिकाकर्ता की प्रथम उपस्थिति की तिथि से अधिकतम तीन माह की अवधि के भीतर सभी पक्षों को सुनवाई का अवसर देते हुए विधि अनुसार कार्यवाही पूर्ण करें। याचिकाकर्ता पक्ष का कहना है कि जिला साहू संघ छत्तीसगढ़ सोसायटी पंजीयन अधिनियम 1973 के अंतर्गत पंजीकृत संस्था है, जिसे पूर्व में 'छत्तीसगढ़ साहू संघ' के नाम से जाना जाता था और बाद में संशोधित कर 'छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ' किया गया। ऐसे में संस्था के संविधान और बायलॉज का पालन अनिवार्य है, जिसे नजरअंदाज कर चुनाव कराए गए। बहरहाल अब पूरे जिले और साहू समाज की नजरें रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं की जांच और आने वाले फैसले पर टिकी हुई हैं, जो जिला साहू संघ की भावी दिशा और नेतृत्व तय करेगा।

### अवैधानिक तरीके से कराए गए चुनाव, समाज में नाराजगी : गेंदराम

गेंदराम साहू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं की जानकारी पहले ही प्रदेश संगठन को दी थी। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा 2024 तक की सूची के आधार पर चुनाव कराने का पत्र जारी किया गया था, लेकिन उसी के विपरीत जाकर चुनाव प्रक्रिया अपनाई गई। उन्होंने दावा किया कि अवैधानिक तरीके से कराए गए चुनाव से समाज में नाराजगी और असंतोष है तथा अंतिम निर्णय आने तक वे स्वयं को वर्तमान अध्यक्ष मानते हैं और किसी को भी प्रभार नहीं सौंपा जाएगा।

**कुछ लोग समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं : नारद :** वहीं, निर्वाचित घोषित अध्यक्ष नारद साहू ने चुनाव को पूरी तरह विधिसम्मत बताते हुए कहा कि कुछ लोग समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि माननीय उच्च न्यायालय ने याचिका के गुण-दोष पर कोई निर्णय नहीं दिया है, बल्कि केवल रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं को दोनों पक्षों को सुनकर तीन माह के भीतर जांच पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उनके अनुसार, वर्तमान में यह मामला उच्च न्यायालय में लंबित नहीं है।

### समाज के बायलॉज को दरकिनार कर कराया गया चुनावः शत्रुहन

जिला साहू संघ अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे शत्रुहन सिंह साहू ने जारी बयान में कहा कि संगठन में पारदर्शिता और समयानुकूल बदलाव के उद्देश्य से प्रत्येक तीन वर्ष में चुनाव कराए जाने का प्रावधान है। इसके तहत पूर्व आजीवन सदस्यों के साथ-साथ प्रत्येक परिवार से नए आजीवन सदस्य बनाए जाने चाहिए, ताकि समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में संपन्न जिला साहू संघ बेमेतरा का चुनाव निर्धारित नियमों और समाज के बायलॉज को दरकिनार कर कराया गया है। कुछ लोग समाजहित की चिंता किए बिना अपने व्यक्तिगत स्वार्थों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे साहू समाज की छवि धूमिल हो रही है। शत्रुहन सिंह साहू ने कहा कि अपने राजनीतिक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए समाज को गलत दिशा में ले जाया जा रहा है, जिसका दुष्परिणाम पूरे बेमेतरा जिला साहू संघ को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अवैधानिक और गलत प्रक्रिया से कराए गए इस चुनाव का पुरजोर विरोध किया जाएगा और समाज के हित में हर वैधानिक एवं संगठनात्मक मंच पर आवाज उठाई जाएगी।

## रानो स्कूल में मनाई गई मकर संक्रांति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा विकास खण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानो में मकर संक्रांति का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बच्चों को बताया कि इस दिन से सूर्य उत्तरायण हो जाता है। शास्त्रों में उत्तरायण की अवधि को देवताओं का दिन और दक्षिणायण को देवताओं की रात कहा जाता है। इस दिन पूर्वजों को तर्पण एवं तीर्थ स्नान का अपना विशेष महत्त्व है। इससे देव एवं पितृ सभी संतुष्ट होते हैं। यह भारत का प्रमुख एवं प्राचीन लोकपर्व है जिसे हिन्दू धर्म में सभी जाति विशेष के लोग विशेष रूप से मनाते हैं। इस दिन से दिन बड़े हो जाते हैं अतः इसे शुभ एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर बच्चों ने बहुत ही सुन्दर एवं आकर्षक पतंगें एवं चित्र बनाए। प्रधान पाठक किशुनराम साहू ने सभी बच्चों एवं शिक्षकों को तिल के लड्डू बांटे। बच्चों ने सुन्दर गीत भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर माध्यमिक प्रधान पाठक किशुनराम साहू, प्राथमिक प्रधान पाठक उत्तम साहू, अवधराम वर्मा, कनकलता सरसुधे, प्रतीक जैन एवं समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया शमी गणेश के दर्शन



**नवागढ़।** जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पद्माकर गुरुवार को नवागढ़ के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक शमी गणेश मंदिर पहुँचीं। उन्होंने यहाँ विधि-विधान से भगवान शमी गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में सुख-समृद्धि व जनकल्याण की कामना की। स्थानीय लोगों ने बताया कि नवागढ़ स्थित शमी गणेश मंदिर लगभग 1400 वर्ष प्राचीन माना जाता है। यह मंदिर तंत्र सिद्धि से संबंधित प्राचीन मान्यताओं के आधार पर स्थापित किया गया था और आज भी अपनी अनूठी आध्यात्मिक ऊर्जा के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर परिसर के ठीक सामने स्थित शमी का विशाल वृक्ष इसे और भी अद्भुत व रहस्यमयी बनाता है। जनश्रुतियों के अनुसार शमी वृक्ष के नीचे स्थापित गणेश के दर्शन मात्र से भक्तों की मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि आसपास के राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहाँ दर्शन करने पहुँचते हैं। मंदिर समिति के सदस्यों ने सीईओ प्रेमलता पद्माकर का स्वागत किया और मंदिर के इतिहास, मान्यताओं एवं योजनाबद्ध विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने भी मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण व सुविधाओं के विस्तार में सहयोग का आश्वासन दिया। शमी गणेश के दर्शन कर लौटते समय सीईओ ने कहा कि इतना प्राचीन और आस्था से भरा यह स्थल नवागढ़ क्षेत्र की धरोहर है। इसे संरक्षित व विकसित करने के लिए आवश्यक कार्य किए जाएंगे।

## सिंघौरी स्कूल में शिक्षकों ने बच्चों को कराया न्योता



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में मकर संक्रांति के पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। साथ ही साथ इस पर्व के उपलक्ष में शिक्षकों द्वारा मिलकर न्योता भोज का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हलवा, तिल का लड्डू, दाल, चावल और सब्जी फल के रूप में केले परोसे गए। मकर संक्रांति की कहानी शिक्षकों द्वारा बच्चों को विस्तार से बताया गया। प्रधान पाठक सरस्वती साहू ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान भास्कर अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाते हैं। चूंकि शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं, अतः इस दिन को मकर संक्रान्ति के नाम से जाना जाता है, इस दिन तिल का लड्डू खाना चाहिए और दान भी करनी चाहिए इस अवसर पर रामगोपाल चंद्राकर,राजेश गायकवाड, धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक, शशि कला यादव, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल, पूनम कुमार साहू और किरण खरे उपस्थित रहे।

## डीहपारा बासीन में मनाया गया मकर संक्रांति




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखंड साजा में विभिन्न पर्व व त्यौहारों को हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसी कड़ी में मकर संक्रांति के लिए विशेष तैयारी कर मकर संक्रांति पोंगल एवं लोहड़ी के महत्व से अवगत कराया गया। संगीत के माध्यम से सुमधुर गीत प्रस्तुत किया गया। बच्चों को पतंग वितरण किया। बच्चों ने पतंग उड़ाने का खुब मजा लिया। प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने इसके महत्व को बच्चों को बताया कि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही धार्मिक यज्ञ अनुष्ठान दान पुण्य व सुबह से ही श्रद्धालु तालाबों में स्नान कर भगवान सूर्य को जल अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना करते है। इस अवसर पर बच्चों को तिल गुड की लड्डू वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षिका सीमा रानी देवांगन सहित पुन्नी लाल गोंड जमुना ठाकुर, तिरीथ बाई सहित पालकगण बच्चे उपस्थित रहे।

## सुपेला संडे बाजार हटाने एसएसपी से की मांग

**भिलाई।** जनहित संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने सुपेला संडे बाजार हटाने एसएसपी विजय अग्रवाल से गुहार लगाई है। संयोजक शारदा गुप्ता ने कहा कि बीच रोड में लगने वाले संडे बाजार अथक प्रयास से हटाया गया था, मगर स्थिति फिर ज्यों की त्यों बनने बन गई है। शराब दुकान के कारण भी रोज जाम की स्थिति बनी रहती है। 100 फीट की चौड़ी सड़क संडे बाजार 10 फीट में सिमट जाती है। यंहा से रोज हजारों वाहन गुजरते हैं। संडे बाजार की व्यवस्था फिर चरमरा गई है। सुपेला चौक से लेकर राजेंद्र प्रसाद चौक तक जाम की स्थिति रहती है। संडे बाजार में ग्राहक गाड़ियों को सड़क पर ही पार्किंग कर रहे हैं। वहीं फल के ठेले रोड में ही खड़े रहते हैं। व्यापारी अपने सामान को दिन प्रतिदिन आगे बढ़ाते जा रहे हैं और लोग रेंग रेंगकर चल रहे हैं।

## जल संकट को देखते हुए जिले में पंपजल संरक्षण अभियान, उड़नदस्ता दल गठित

हरिभूमि न्यूजःबेमेतरा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के आदेशानुसार जिले में ग्रीष्मकालीन पंपजल संरक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। वर्ष 2025–26 में अपेक्षाकृत कम वर्षा के कारण उत्पन्न संभावित जल संकट को देखते हुए यह अभियान 01 जनवरी 2026 से 30 जून 2026 तक प्रभावशील रहेगा।

आदेश में उल्लेख है कि भू-जल स्तर में लगातार गिरावट को ध्यान में रखते हुए आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट की रोकथाम हेतु यह निर्णय लिया गया है। अभियान के अंतर्गत ग्रीष्मकाल में धान की खेती एवं नवीन नलकूप खनन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही पंपजल के दुरुपयोग, अवैध दोहन एवं प्रतिबंधों के उल्लंघन की स्थिति में छत्तीसगढ़ पेयजल संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान की प्रभावी निगरानी एवं क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। यह दल जिलेभर में निरीक्षण कर नियमों के उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई करेगा। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल में श्री जे.पी. गोंड (कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग), श्री सी.एल. शिवहरे (कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग), श्री एम.डी. डडसेना (उप संचालक, कृषि विभाग) तथा श्री जे.एस. भगतवार (कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी), बेमेतरा शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सभी विकासखंड स्तर के अधिकारियों को भी अभियान से जोड़ा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पेयजल संरक्षण जिले की सर्वोच्च प्राथमिकता है और नियमों के उल्लंघन पर किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं बरती जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## वार्ड 6 में अखंड नवधा रामायण महोत्सव की धूम



**बेमेतरा।** नगर के वार्ड क्रमांक 06 में तीन दिवसीय अखंड नवधा रामायण महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। इस धार्मिक आयोजन के तहत प्रतिदिन सुबह समिति के सदस्यों द्वारा सेवा गीत गाते हुए प्रभात फेरी निकाली जा रही है। प्रभात फेरी के माध्यम से पूरे वार्ड में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो रहा है, वहीं रामभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। आयोजन को लेकर वार्डवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता कर रहे हैं।

## ट्रैफिक पुलिस ने संस्कृति से सुरक्षा को लेकर किया पतंग महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रैफिक पुलिस द्वारा मकर संक्रांति पर्व के दौरान लोगों को जागरुक करने के लिए पतंग महोत्सव का आयोजन हेलीपैड ग्राउंड सिविक सेंटर में आयोजित किया गया। संस्कृति से सुरक्षा की थीम पर कार्यक्रम आयोजित था। इसमें सांस्कृतिक परंपराओं को सड़क सुरक्षा के संदेश से जोड़ते हुए नागरिकों में यह संदेश देना था की जिस प्रकार पतंग में रस्सी बंधी रहने से सुरक्षित आसमान में उड़ता हैं। उसी प्रकार वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करते हैं। तो सड़क में हम सुरक्षित रहते हैं ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता, जिम्मेदारी एवं अनुशासन की भावना को सशक्त करना रहा। कार्यक्रम में दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी रामगोपाल गर्ग, दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल, ट्रैफिक सलाहकार दिनेश टांक, वीएन पाण्डेय मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों, नागरिकों एवं बच्चों द्वारा सामूहिक रूप से पतंग उड़ाया। देव संस्कृति स्कूल की छात्राओं द्वारा देश के विभिन्न शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुति दी। दिशा इंस्टट्यूट, वायआई हर्ष जैन, आशु पांडे, वसीम खान समेत संस्थाओं एवं व्यक्तियों को जागरूकता में योगदान देने के लिए सम्मानित किया।




